Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to introduce Mobile Soil Testing Centres in the Country.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): बहुत ही हर्ष की बात है कि आज भारत सरकार किसानों की आमदनी को 2022 तक दोगुना करने की दिशा में हर स्तर से गंभीरतापूर्वक प्रयास कर रही है। ऐसे में कृषि उत्पाद को अधिक से अधिक बढ़ावा देने की भी आवश्यकता होगी। कृषि उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए ही भारत सरकार ने एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण योजना "किसान स्वायल हैल्थ कार्ड" की शुरुआत की। इसका लाभ भी हमारे देश के किसानों को मिल रहा है।

अब इसी कड़ी में एक ऐसी योजना की शुरुआत करने की आवश्यकता है जिससे कि किसानों को पंचायत स्तर पर पहुंच कर मिट्टी जांच की सुविधा प्राप्त हो सके। इसके लिए चलायमान मिट्टी जांच केंद्र जो आधुनिकता से सुसज्जित हो, को चलाये जाने की जरुरत है। इसके शुरु होने से देश तथा बिहार सहित अन्य प्रदेशों के क्षेत्रों में मिट्टी की गुणवत्तापूर्वक जांच की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी जिससे किसान अपनी फसल का उत्पादन अधिक से अधिक बढ़ाकर अपनी आमदनी को दोगुना करने की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

अतः मैं भारत सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि उक्त योजना की शुरुआत करने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करते हुए बिहार राज्यान्तर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र के सारण प्रमंडल के सारण, सीवान एवं गोपालगंज से इसकी शुरुआत की जाए।